## खास खबरें

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**नप्र, भोपालः** गौतम नगर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 441/26 में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी आकाश गोदलिया ने शिकायत में बताया कि गणेश मंदिर, छोला मंदिर स्थित उनकी दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर जूते, घंटी और चाबी के छल्ले सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शांतिशील नगर से बाइक चोरी

टीटी नगर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 677/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी राहुल शेलके ने बताया कि शांतिशील नगर में खड़ी उनकी हीरो मोटरसाइकिल (एमपी04 डब्ल्यूसी 0166) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### होटल के सामने से मोटरसाइकिल पार

निशातपुरा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 748/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी धर्मेंद्र शर्मा ने शिकायत की कि ताज होटल के सामने खड़ी उनकी मोटरसाइकिल (एमपी04 जेडजी 1466) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोको गेट के पास से स्कूटी चोरी

हनुमानगंज थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 388/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। फरियादी प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि छोला रोड स्थित लोको गेट के पास खड़ी उनकी स्कूटी (एमपी04 यूडी 9052) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार ऑटो ने मारी टक्कर

अशोका गार्डन थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 423/26 में धारा 281 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी सैयद नासिर अली ने शिकायत की कि प्रभात चौराहा के पास लोडिंग ऑटो (एमपी04 एलए 2622) के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लापरवाही से कार चलाकर दुर्घटना

खजूरी सड़क थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 274/26 में धारा 281, 125ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी राजेंद्र भलावी ने आरोप लगाया कि कार (एमएच12 वीसी 5573) के चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना कर दी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ जांच शुरू की है।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत

कटारा हिल्स थाना पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया है। फरियादी डॉ. कार्तिक (एम्स अस्पताल) ने सूचना दी कि सड़क दुर्घटना में घायल समर्थ दुबे (17 वर्ष) की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### 18 वर्षीय युवती लापता

भोपाल। टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फरियादी ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस युवती की तलाश में जुटी है।

# निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण, सामान जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की।

निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के साथ नियमित कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण और सड़क-फुटपाथ पर किए गए कब्जे हटाए। कार्रवाई के दौरान पक्के कॉलम, टीन शेड, अस्थाई टपरे, नाली के ऊपर बने चबूतरे, फर्शियां, दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथ पर लगी सब्जी दुकानें, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, टेबल-कुर्सियां सहित अन्य अतिक्रमण हटाए गए। निगम अमले ने बड़ी मात्रा में सामान भी जब्त किया।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर मंगलवार को बिट्ठल मार्केट, 10 नंबर स्टॉप, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, भारत माता चौराहा, एमपी नगर, जहांगीराबाद, रेतघाट, हमीदिया रोड, बैरागढ़, गांधीनगर, करोंद, भानपुर सहित शहर के कई क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

इस दौरान सिंधी मार्केट और नेहरू नगर सुदामा नगर में नाली के ऊपर बने अवैध चबूतरे हटाए गए। गांधीनगर महावीर वार्ड में शासकीय भूमि से पक्का कॉलम तोड़ा गया।

बैरागढ़ सीटीओ कैलाश नगर में अवैध टीन शेड और नेहरू नगर कोपल स्कूल के पास बने अस्थाई टपरे को हटाया गया। भानपुर शिवनगर में नाली के ऊपर रखी फर्शियां भी हटाई गईं।

निगम ने कार्रवाई के दौरान ठेले, काउंटर, तखत, स्टैंड कांटा, इलेक्ट्रिक कांटा, लाइट, कढ़ाई, हरी नेट, पन्नी, टेबल, स्टूल, बोर्ड, लोहे के पिंजरे, मुर्गा जाली, फ्रेम, केरेड और लोहे की पेटी सहित अन्य सामग्री जब्त की। इसके अलावा मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड की कार्रवाई में सहयोग करते हुए ईदगाह मस्जिद परिसर से एक मकान खाली कराने की कार्रवाई भी की गई।

# ग्रीन हाइड्रोजन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे क्रिस्प और मैनिट



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के बीच महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ है।

इस साझेदारी का उद्देश्य कौशल विकास, अनुसंधान और आधुनिक ऊर्जा तकनीकों को बढ़ावा देना है।

एमओयू के तहत दोनों संस्थान विद्यार्थियों, शिक्षकों, उद्योगों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, औद्योगिक परामर्श सेवाएं और तकनीकी परियोजनाएं संचालित करेंगे। साथ ही तकनीकी शिक्षण संस्थानों की प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास और अनुसंधान गतिविधियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। मैनिट की डीन प्रो. (डॉ.) अनुपमा शर्मा और क्रिस्प के सहायक महाप्रबंधक फैसल जाफरी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

# एल.एन. आयुर्वेद कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एल.एन. आयुर्वेद कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय के सहयोग से तीन दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आर्म्स 2के26 का आयोजन किया गया।

मध्य भारत में पहली बार आयोजित इस कार्यशाला में देशभर से आए शोधार्थियों और शिक्षकों को आयुर्वेद अनुसंधान पद्धति, सांख्यिकी, रिसर्च डिजाइन, सैंपल साइज निर्धारण, डेटा विश्लेषण और वैज्ञानिक शोध लेखन का प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन सत्र में डॉ. एन. श्रीकांत, डॉ. अजीत सोनी, अभिजीत गोयल, डॉ. सपन जैन और डॉ. विशाल शिवहरे उपस्थित रहे।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि सीसीआरएएस के महानिदेशक प्रो. वैद्य रबिनारायण आचार्य थे। उन्होंने आयुर्वेद के वैश्विक विस्तार के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध और वैज्ञानिक साक्ष्यों की आवश्यकता पर बल दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह आज

**नप्र, भोपालः** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर बुधवार, 29 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान वे वन्यजीव संरक्षण के लिए प्राप्त नए वाहनों का लोकार्पण करेंगे तथा संरक्षण गतिविधियों से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

समारोह में विभागीय प्रकाशनों का विमोचन, सक्रिय वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित वृत्तचित्रों के टीजर का विमोचन और राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के पद्मश्री सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली वन सुरक्षा समितियों, ईको विकास समितियों, ग्राम वन समितियों तथा वन कर्मियों को सम्मानित करेंगे।

# कोलार क्षेत्र में एटीएम से 64,930 रुपए की धोखाधड़ी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 447/26 में धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

फरियादी ज्योति राजपूत ने शिकायत की कि अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी कर उनके एटीएम खाते से रुपए 64,930 निकाल लिए। पुलिस साइबर और बैंकिंग रिकॉर्ड के आधार पर जांच कर रही है।

**पति पर प्रताड़ना का आरोप :** महिला थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 345/26 में धारा 85, 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी रिंकी गौड़ ने आरोप लगाया कि उनके पति उमेश रैकवार लगातार प्रताड़ित करते हैं और धमकी देते हैं।

**इलाज के दौरान युवक की मौत :** बैरसिया थाना पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया है। हमीदिया अस्पताल से मिली सूचना के अनुसार अमन मिरौठा (19 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बायपास से मोटरसाइकिल चोरी :** बैरसिया थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 472/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी नसीम अहमद ने शिकायत की कि बरीघाटी जोड़ बायपास से उनकी हीरो मोटरसाइकिल (एमपी04 क्यूके 2637) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस वाहन और आरोपी की तलाश में जुटी है।

**भाई पर घर में आग लगाने का आरोप :** बैरसिया थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 471/26 में धारा 326(जी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

फरियादी गुलाब सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि उनके भाई सुनील उर्फ शोनू कुशवाहा ने घर में आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### ननि ने तेज की श्वानों की नसबंदी और एंटी रैबीज टीकाकरण मुहिम

**नप्र, भोपालः** नगर निगम शहर को रैबीज मुक्त बनाने के उद्देश्य से श्वानों की नसबंदी और एंटी रैबीज टीकाकरण अभियान लगातार चला रहा है। निगम के तीन एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटरों के माध्यम से वर्षा ऋतु में प्रतिदिन 60 से 65 आवारा श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण किया जा रहा है। उपचार पूरा होने और स्वस्थ होने के बाद श्वानों को उसी स्थान पर छोड़ा जा रहा है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर डॉग स्क्वाड प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा श्वानों को पकड़कर एबीसी सेंटर तक पहुंचा रहा है। यहां उनकी नसबंदी के साथ एंटी रैबीज टीका लगाया जाता है और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें वापस उनके क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। नगर निगम के अनुसार सामान्य दिनों में प्रतिदिन लगभग 100 श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है, लेकिन वर्षा ऋतु में मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण यह संख्या घटकर 60 से 65 प्रतिदिन रह जाती है।

### मताधिकार का प्रयोग कर स्टूडेंटस ने चुने अपने नेता

# साधु वासवानी के आशीष, मुक्ता के सुमित बने हेड

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** साधु वासवानी स्कूल एवं मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति के साथ हुए। चार मतदान केंद्र बनाए गए, जहां लगभग 650 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुक्ता इंटरनेशनल स्कूल के लिए हेड बॉय सुमित मेवाड़ा और साधु वासवानी ने आशीष बारेसा निर्वाचित हुए। इस अवसर पर बच्चों को लोकतंत्र का महत्व बताया गया।




**मुक्ता इंटरनेशनल स्कूल के निर्वाचित छात्र परिषद सदस्य :** मुक्ता इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद के लिए हेड बॉय पद पर सुमित मेवाड़ा, हेड गर्ल पद पर प्रियंका ठकवानी, डिप्टी हेड गर्ल पद पर निकिता अहिरवार, डिप्टी हेड बॉय पद पर अंश मालवीय, डिसिप्लिन सेक्रेटरी सोनालिका मेहर, कल्चरल सेक्रेटरी निशा वर्मा, हेल्थ एंड हाइजीन सेक्रेटरी मुस्कान लोधी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी (गर्ल) याशिका रामनानी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी (बॉय) मनीष गुप्ता, टूरिज्म सेक्रेटरी परी सोनगरा, परफेक्ट सेक्रेटरी लोकेश सांखला एवं कृष्णा जाटव निर्वाचित हुए।

**साधु वासवानी स्कूल के निर्वाचित छात्र परिषद सदस्यः** साधु वासवानी स्कूल में हेड बॉय पद पर आशीष बारेसा, डिप्टी हेड बॉय पद पर राजेश पटेल, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी पद पर पंकज लोधी, कल्चरल सेक्रेटरी पद पर जिगर गांगले, डिसिप्लिन सेक्रेटरी पद पर शिवराज सिंह राठौर, हेल्थ एंड हाइजीन सेक्रेटरी पद पर आशीष वर्मा, टूरिज्म सेक्रेटरी पद पर कृष्णा मेवाड़ा, परफेक्ट सेक्रेटरी पद पर विनय राव खैरात तथा अन्य विजेता विद्यार्थियों में हर्षित विश्वकर्मा एवं हर्ष वर्धन चौहान शामिल रहे। पूरी प्रक्रिया उप-प्राचार्य स्वाति कलवानी एवं रूपाली मेश्राम के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

### पेट्रोल भराने को लेकर मारपीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रातीबड़ थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 314/26 में धारा 296ए, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

फरियादी हरीश सिंह ने आरोप लगाया कि कार चालक और उसके साथी ने पेट्रोल भराने की बात पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस जांच कर रही है।

### ठेला लगाने के विवाद में मारपीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** निशातपुरा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 749/26 में धारा 296बी, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

फरियादी संदीप बघेल ने आरोप लगाया कि पिंकी ने ठेला लगाने के विवाद में गाली-गलौज, मारपीट और धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चालीहा साहिब महोत्सवः आरती में ठकुर जीतू सांईजी शामिल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब उत्सव समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में आयोजित चालीहा साहिब के 11वें दिन की आरती में सांई ठकुर जीतू अपने परिवार सहित शामिल हुए।

आरती से पूर्व सांई ठकुर जीतू जी ने बहिराणा साहिब में अखा डाला और तत्पश्चात परिवार के साथ विधिवत आरती की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भगवान श्री झूलेलाल का स्वरूप जल और ज्योति है। जो श्रद्धालु 40 दिन का यह कठिन व्रत पूर्ण श्रद्धा से करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने भगवान श्री झूलेलाल से सभी के लिए शक्ति, सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किशनानी अस्पताल, संत हिरदाराम नगर, भोपाल (मध्यप्रदेश) दिसंबर 2017 से दिसंबर 2021 तक के इनपेशेंट मेडिकल रिकॉर्ड (गैर-एमएलसी) को स्थायी रूप से निपटाने का प्रस्ताव करता है।

संबंधित मरीज के मेडिकल रिकॉर्ड की एक प्रति वैध सरकारी पहचान प्रमाण के साथ, लिखित अनुरोध पर संबंधित मरीज को जारी की जाएगी, जिसे इस नोटिस के जारी होने के 45 दिनों के भीतर मेडिकल रिकॉर्ड अधिकारी-एमआरडी को प्रस्तुत करना होगा।

समय अवधि पश्चात् अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया जावेगा न ही रिकार्ड उपलब्ध हो पाएगा।

**किशनानी हॉस्पिटल**
संत हिरदाराम नगर, भोपाल (मध्यप्रदेश)

1110

**जाहिर सूचना**
**मूल लीज विलेख पत्र में संशोधन के सम्बंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मुझे जाहिर सूचना प्रकाशन हेतु प्राधिकृत किया है कि श्री महेन्द्र शर्मा आ. श्री मनमोहन शर्मा निवासी-ई-3/155, अरेरा कॉलोनी, भोपाल के पक्ष में भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना महाराणा प्रताप नगर जोन-02 के तहत भूखण्ड क्रमांक- 260, क्षेत्रफल 864 वर्गफिट स्थित भोपाल, वार्ड न.-44 को लीज नवीनीकरण दिनांक 08.04.2011 को निष्पादित की गई है उक्त लीज नवीनीकरण डीड उपपंजीयक कार्यालय में दिनांक 03.06.2011 को पंजीकृत की गई है जिसका पुस्तक क्रमांक- ए-1, ग्रन्थ क्र.-36871 में (5) पृष्ठ क्र. 99-103 पत्र क्र.-106 (5) है।उक्त पंजीकृतलीज नवीनीकरण डीड में त्रुटि सेश्री महेन्द्र शर्मा आ. श्री मनमोहन शर्मा के स्थान पर श्री महेन्द्र मोहन आ. श्री मनमोहन शर्मा लेख हो गया था, आबंटी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं शपथ पत्र में महेन्द्र शर्मा आ. श्री मनमोहन शर्मा अंकित है। जिसे कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल द्वारा संशोधन विलेख दिनांक 27.07.2026 को जारी पत्र माध्यम से उक्त पंजीकृत लीज नवीनीकरण डीड में अंकित नाम महेन्द्र मोहन के स्थान पर श्री महेन्द्र शर्मा आ. श्री मनमोहन शर्मा पढ़ा जावे स्वीकार है। जिसे संशोधित लीज डीड नवीनीकरण पंजीकृत भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल एवं श्री महेन्द्र शर्मा आ. श्री मनमोहन शर्मा डीड द्वारा कराया जाना है अतः उक्त वर्णित सम्पत्ति का के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना सात दिवस में मेरे कार्यालय में सूचित करने की कृपा करें।

**BHARAT BHUSHAN KATHAL**
**Advocate**
Off.:-344, 3rd Floor, Lawyers Chamber, Behind District & Session Court Bhopal / Bhopal Mob.: 9806653232

1109

**न्यायालय अपर तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर, बैरागढ वृत्त, भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-0356/अ-6/2026-27
दिनांक :- 28/07/2026
ग्राम :- नयापुरा

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 01. श्री अजय जैन पिता स्व श्री अशोक कुमार जैन, निवासी-35/2 लखेरापुरा चौक हुजूर, भोपाल, 02. पंकज कुमार जैन आ. स्व श्री अशोक कुमार जैन, निवासी मकान नं.-86, जैन नगर पानी की टंकी के सामने, लालघाटी, भोपाल, 03. नीरज कुमार जैन आ. स्व श्री अशोक कुमार जैन, निवासी-164 आम्रपाली जैन नगर गुफा मंदिर रोड, लालघाटी, भोपाल, म.प्र. द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक-14, 15, 16, 18, 20, 79, 80, 81, 82, 83/1 पर स्थित प्लाट क्रमांक-214 का रकबा 967.50 वर्गफिट अर्थात 90 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण अपने पिता स्व अशोक कुमार जैन आ. श्री लखमीचंद जैन के निधन उपरांत फौत नामांतरण आवेदको के पक्ष मे फौती नामांतरण सभी वरिसानो के हक के आंधार पर किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है। जिसके संबध मे मौखिक रूप से सूचना दिया जाना संभव ना होने के कारण उद्घोषणा प्रकाशन किया जाता है। उक्त सबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 10 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति न्यायालय में पेश कर सकता है। निर्धारित समय अवधि पश्चात प्रकरण में विधि अनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जावेगी। आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 10/08/2026 को पेशी नियत है। उक्त उद्घोषणा दिनांक 28/07/2026 को न्यायालय अपर तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागढ वृत्त द्वारा मेरे मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया हैं।

**अपर तहसीलदार**
**संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त-1 भोपाल**

1108

**न्यायालय अपर तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर, बैरागढ वृत्त, भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-0357/अ-6/2026-27
दिनांक :- 28/07/2026
ग्राम :- नयापुरा

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 01. श्री अजय जैन पिता स्व. श्री अशोक कुमार जैन, निवासी-35/2 लखेरापुरा चौक हुजूर, भोपाल, 02. पंकज कुमार जैन आ. स्व श्री अशोक कुमार जैन, निवासी मकान नं.-86, जैन नगर पानी की टंकी के सामने, लालघाटी, भोपाल, 03. नीरज कुमार जैन आ. स्व श्री अशोक कुमार जैन, निवासी-164 आम्रपाली जैन नगर गुफा मंदिर रोड, लालघाटी, भोपाल, म.प्र. द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक-14, 15, 16, 18, 20, 79, 80, 81, 82, 83/1 पर स्थित प्लाट क्रमांक-215 का रकबा 967.50 वर्गफिट अर्थात 90 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण अपने पिता स्व. अशोक कुमार जैन आ. श्री लखमीचंद जैन के निधन उपरांत फौत नामांतरण आवेदको के पक्ष में फौती नामांतरण सभी वरिसानो के हक के आधार पर किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है। जिसके संबध में मौखिक रूप से सूचना दिया जाना संभव ना होने के कारण उद्घोषणा प्रकाशन किया जाता है। उक्त सबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 10 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति न्यायालय में पेश कर सकता है। निर्धारित समय अवधि पश्चात प्रकरण में विधि अनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जावेगी। आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 10/08/2026 को पेशी नियत है। उक्त उद्घोषणा दिनांक 28/07/2026 को न्यायालय अपर तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागढ वृत्त द्वारा मेरे मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया हैं।

**अपर तहसीलदार**
**संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त-1 भोपाल**

1107

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

कृषि उपज मण्डी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक एल.आई.जी. 54 मण्डल द्वारा श्री नर्बदा प्रसाद आत्मज श्री नन्नू लाल के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका पट्टा विलेख दिनांक 27/02/2026 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री नीलेश धाकड़ आत्मज श्री तुलसीराम के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 13/04/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री नीलेश धाकड़ आत्मज श्री तुलसीराम के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

1106

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक 23/ यां.वि./2026** **भोपाल, दिनांक 28/7/2026**

निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | निविदा क्रय करने का अंतिम समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_524724_1 | DEVLOPMENT OF PARK AT KOUSALAYA NAGAR WARD 60 ZONE 14 | 9,46,459/- | 12-Aug-2026 | 05:30 PM |

**नोट**- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।

**नि. क्र. 508/026/027** **कार्यपालन यंत्री (सिविल) नगर निगम भोपाल**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**
**लिंक रोड 03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल म.प्र.**
**Email:- tendersnhmmp@gmail.com**

**क्रमांक / एन.एच.एम./स्टोर/2026/E-526135/1760** **भोपाल, दिनांक 24/07/2026**

**विज्ञापन**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र भोपाल कार्यालय द्वारा ई-निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता राशि रूपये 2,000/- (रू. दो हजार मात्र) का ऑनलाईन एम.पी. ई-टेण्डर पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है:-

**निविदा विवरण**

| क्रं. | निविदा का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय/प्राप्त करने की दिनांक | प्रि-बिड दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोले जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal for Selection of an agency for Photocopy, Printing and related work in state level office of National Health Mission, Madhya Pradesh | 28.07.2026 | 04.08.2026 | 11.08.2026 | 20.06.2026 | 21.08.2026 |

विस्तृत विवरण/जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in एवं https://www.nhmmp.gov.in पर उपलब्ध है।
**(अपर मिशन संचालक, एनएचएम द्वारा अनुमोदित)**

**जी-16385/26**

**संयुक्त संचालक स्टोर,**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**